# जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



रतलाम । जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर कचरा पृथक्कीकरण व खाद् बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिये निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने कचरा पृथक्कीकरण की फटका एवं बैलिंग मशीन का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण के कार्य में गति लाये जाये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि के समतलीकरण के निर्देश संबंधित को दिये। इसके अलावा उन्होंने घर-घर से पृथक-पृथक कचरे एकत्रित कर लाये जा रहे कचरे का अवलोकन कर ड्रायवर व क्लीनर को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक घर से पृथक-पृथक कचरा एकत्रित करें साथ ही नागरिकों को समझाईश दें कि वे चार प्रकार के कचरे के लिये अपने घरों में चार कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखकर पृथक-पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालें। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाईश दें कि वे गीले कचरे से खाद बनाकर अपने उद्यान एवं गमलों में बनी हुई खाद का उपयोग कर नगर को साफ-स्वच्छ रखने के साथ पर्यावरण सुधार में अपना अमूल्य योगदान दे। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ट्रेचिंग ग्राउण्ड में गीले कचरे से बनाई जा रही खाद के कार्य का अवलोकन कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित को दिये।

# बोहरा बाखल में सोमवार को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

## नागरिकों ने 32,68,144/– संपत्तिकर व 7,13,535/– जलकर जमा कराया

**रतलाम । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली षिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।**

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू–भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 1,10,000/– व जलकर 6,000/–, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,40,000/– व जलकर 55,775/–, अम्बे माता जवाहर नगर ष्विर में संपत्तिकर 2,38,000/– व जलकर 49,010/–, विनोबा नगर षिविर में संपत्तिकर 1,29,000/– व जलकर 43,670/–, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 1,22000/– व जलकर 29,280/–, तिरूपति शिविर में संपत्तिकर 77,000/– व जलकर 19,850/–, कोमल नगर षिविर में संपत्तिकर 1,27,000/– व जलकर 48,220/–, मार्निंग स्टार स्कूल षिविर में संपत्तिकर 1,12,000/– व जलकर 14,000/–, कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 5,47,000/– व जलकर 86,540/–, प्रियदर्शनी नगर शिविर में संपत्तिकर 1,02,000/– व जलकर 3,76,905/–, डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर 1,82,500/– व जलकर 76,470/–, हाट रोड शिविर में संपत्तिकर 68,000/– व जलकर 47,595/–, कलीमी कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1,17,000/– व जलकर 22,680/–, राजेन्द्र नगर षिविर में संपत्तिकर 1,01,644/– व जलकर 55,320/–, काटजू नगर षिविर में संपत्तिकर 2,76,000/– व जलकर 59,500/–, वेदव्यास कालोनी षिविर में संपत्तिकर 26;62,144/– व जलकर 6,71,025/–, कल्याण नगर षिविर में संपत्तिकर 71,000/– व जलकर 19,000/–, दीनदयाल नगर षिविर में संपत्तिकर 2,47,000/– व जलकर 64,780/–, बोहरा बाखल षिविर में संपत्तिकर 2,88,000/– व जलकर 35,730/– की राषि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित षिविरों में 32,68,144/– संपत्तिकर व 7,13,535/– जलकर की राषि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिये 22 फरवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिये 23 फरवरी को रामगढ़, वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिये 24 से 25 फरवरी तक लकड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमण्डी, वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिज, वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 मार्च को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड क्रमांक 13 के लिये 6 मार्च को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 8 से 9 मार्च तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को षिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेष देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में षिविर आयोजित किये गये है। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

तेज प्रदेश 22/2/

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र मिलाप पृष्ठ ........ दिनांक 22/2/2021

(14)



# नगरवासी गंदे पानी से परेशान, शिकायत पर सुनवाई नहीं

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान के तहत विशेष कार्य करने का दावा किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि हर दिन हर कॉलोनी से कचरा उठाया जा रहा है और विशेष सफाई की जा रही हैं। लेकिन नागरिक जब निगम शिकायत करते है तो भी उनकी सुनवाई नहीं होती हैं।

शहर के आसाराम बापू नगर निवासी शांतिलाल टाक ने बताया कि क्षेत्र में गंदगी की सामंराज्य हैं। नालियां जाम हो रही है और निगम को शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही हैं। क्षेत्र के रहवासी गदंगी और नालियां जाम से परेशान हैं। उनके अनुसार कई स्थानों पर नाली बिल्कुल डैमेज हो चुकी है और गंदा पानी ट्यूबवेल में प्रवेश कर रहा है। इसको लेकर उन्होंने निगम सहित सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की हैं। स्वास्थ्य अधिकारी को भी सफाई के लिए अवगत कराया हैं। पर परेशानी बनी हुई है और क्षेत्रवासी परेशान हो रहे हैं।



स्वतंत्र मि॰ 22/2

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ ........दिनांक 22-2-2021

दैनिक भास्कर
22-2-2021

**खतरे में धरोहर, मूर्तियां निकालीं पर असुरक्षित छोड़ीं**




मूर्तियां इस तरह खुले में पड़ी हैं।

## दो माह चली खुदाई में मिली पुरा-संपदा

# एक हजार साल पुरानी 250 मूर्तियां लावारिस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गढ़खंखाई माता मंदिर के पास माही नदी किनारे पुरातत्व विभाग की खुदाई में एक हजार साल पुरानी 250 मूर्तियां निकली हैं। इनमें शिव पार्वती की प्रतिमा के साथ गजबंद (हाथी) की मूर्तियां शामिल हैं। पुरातत्व विभाग की टीम ने दो महीने की मशक्कत के बाद इन्हें निकाला है लेकिन विभाग ने यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए हैं और ना ही इन मूर्तियों को सुरक्षित स्थान पर रखा है। मूर्तियां निकलने की जानकारी मिलने पर इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा का इंतजाम नहीं होने से कभी भी मूर्तियां गायब हो सकती हैं।

माही नदी के किनारे खंडरनुमा मंदिर पहले से है। मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में मूर्तियां होने की जानकारी मिलने पर पुरातत्व विभाग ने मंदिर के पास खुदाई की। खुदाई में 250 मूर्तियां निकली हैं।

### 12 नायिकाओं की प्रतिमाएं भी

पुरातत्व विभाग के मुताबिक माही किनारे यह मंदिर परमार कालीन मंदिर है। मंदिर में चार मंडप मिले हैं। यह मंदिर बिलपांक के विरुपाक्ष महादेव मंदिर से भी बड़ा है। खुदाई में 12 नायिकाओं की मूर्तियां भी निकली हैं। विभाग के मुताबिक इन मूर्तियां को कहीं से लाकर मंदिर में रखा गया है। विभाग ने अभी मंदिर के एक साइड में खुदाई की है। दूसरी साइड में भी मूर्तियां होने की जानकारी मिली है। इससे पुरातत्व विभाग अब मंदिर की दूसरी साइड भी खुदाई करेगा। विभाग को यहां से भी बड़ी संख्या में मूर्तियां मिलने का अनुमान है। मंदिर की मूर्तियां सहित गुंबद और पत्थर भी निकले हैं। ऐसे में मंदिर के जीर्णोद्धार की भी संभावना जताई जा रही है। ऐसे में पुरातत्व विभाग की टीम इस पर भी विचार कर रही है। इस संबंध में आयुक्त के सामने प्रस्ताव बनाकर रखा जाएगा।

### पुराने कलेक्टोरेट में जगह मांगी है

पुरातत्व विभाग के डिप्टी डायरेक्टर एसबी वर्मा ने बताया जानकारी मिलने पर खुदाई की तो करीब एक हजार साल पुरानी 250 मूर्तियां निकली हैं। अभी सुरक्षा को देखते हुए पंचायत से कहा है कि वे निगरानी रखें। इन मूर्तियों को रखने के लिए पुराने कलेक्टोरेट में जिला प्रशासन से जगह मांगी है। यदि जगह मिलती है तो हम मूर्तियों को पुराने कलेक्टोरेट में रखवाएंगे। ताकि मूर्तियां भी सुरक्षित रहें और लोग भी इन्हें देख सकें।

### सालों पुरानी मूर्तियों के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं

मानव अधिकार प्रोटेक्शन के उज्जैन संभाग के अध्यक्ष एवं शिवगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र वाघेला ने बताया राजापुरा उचानगढ़ का मंदिर परमार कालीन शिल्प को दर्शाता है। खुदाई में 250 मूर्तियां निकली हैं। सैकड़ों लोग रोज देखने आ रहे लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इससे जिला प्रशासन को सुरक्षा के इंतजाम करना चाहिए ताकि मूर्तियां सुरक्षित रह सकें। वहीं मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रयास भी करना चाहिए।

# नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय के ई-नगर पालिका पोर्टल से होंगे लिंक

रतलाम। नगरीय निकायों के सभी खाते ई-नगर पालिका पोर्टल से लिंक किए जाएंगे। नगरीय निकायों के अनावश्यक बैंक खातों को बंद कर लेखा नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित खाते ही संधारित किए जाएंगे। अब नगरीय निकायों में सभी प्रकार के आय-व्यय ई-नगर पालिका के ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएंगे। कैशबुक, बैलेंस शीट तथा लेखांकन संबंधी सभी कार्य ई-नगर पालिका पोर्टल से ही की जाएगी। नगरीय निकायों में एक ही कैशबुक संधारित की जाएगी तथा प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग लेजर संधारित की जाएगी। ऐसी योजनाएं जो अब नगरीय निकायों द्वारा संचालित नहीं की जा रही हैं, उनकी शेष राशि संबंधित विभाग अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को वापस की जाएगी। उजाला 22-2-2021

(8)

## बकाया वसूली शिविर आज बोहरा बाखल में

नईदुनिया 22-2-2021

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की लगाए जा रहे है। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपतिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिए 22 फरवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिए 23 फरवरी को रामगढ़, वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिए 24-25 फरवरी को लक्कड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिए 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमंडी में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

## बोहरा बाखल में सोमवार को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

प्रसारण 22-2-2021

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किए गए है, जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे।

— प्रसारण 22-2-2021

सूर्यास्त (सोमवार) 6.24 बजे | सूर्योदय (मंगलवार) 6.57 बजे

## भूमि शैली में निर्मित यानी बगैर नींव के बना है मंदिर माही नदी के ठीक सामने पश्चिम में इसका मुख्य द्वार



विभाग के मुताबिक यह मंदिर भूमि शैली का है। यानी बगैर नींव के भूमि पर बना हुआ मंदिर है। माही नदी के ठीक सामने पश्चिम में इसका मुख्य द्वार था। यह प्राचीन परमार कालीन मंदिर है जो कि परमार कालीन

संस्कृति का द्योतक है। उच्चानगढ़ का यह मंदिर परमार कालीन स्थापत्य व
शिल्प को दर्शाता है। खुदाई में मूर्तियों के अलावा 47 पिलर भी निकले हैं। इन
पिलरों के आधार पर पुरातत्व विभाग का कहना है कि यहां 20 फीट ऊंचा मंदिर
था। मंदिर के गर्भगृह की भी छत नहीं है लेकिन मूल स्थान पर शिवलिंग नहीं
मिला है, इसके पीछे एक शिवलिंग रखा हुआ है। मंदिर के पिलर गिरने बावजूद
आज भी शिवलिंग यथावत है। खुदाई में मिली नायिकाओं की मूर्तियां खजुराहो
जैसी मूर्तियां हैं। खुदाई में 50 से ज्यादा शिव पार्वती की मूर्तियां मिली हैं। नदी से
10 फीट की ऊंचाई पर यह मंदिर बना है।

**शहर से 37 किमी दूर मिली हैं मूर्तियां** - माही नदी किनारे जो प्राचीन मूर्तियां मिली हैं वो जगह रतलाम से 37 किमी दूर माही नदी किनारे स्थित है। प्रसिद्ध गढ़खंखाई माता मंदिर से यह मंदिर एक किमी दूर माही नदी किनारे है।

**अन्य स्थानों पर भी होगी खुदाई** - रतनगढ़ पीठ के साथ ही बाजना ब्लॉक के दो अन्य स्थानों पर भी प्राचीन मंदिर होने की जानकारी मिली है। इससे तीन अन्य स्थानों पर भी खुदाई की प्लानिंग बनाई है। इससे वहां भी खुदाई की जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार ------------ पृष्ठ ........ दिनांक ............2021

# 669 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

# शहर को कचरा और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करे



रतलाम। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पहल हर तरफ जारी है और हम तेजी से प्रयास कर रहे है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की रैंकिंग में रतलाम नगर पूरे देश में प्रथम आए। शहर में अस्वच्छता का सबसे बड़ा कारण इधर उधर फेंका जाने वाला कचरा है इसके साथ ही अमानक प्लास्टिक के कारण भी नाले-नालियों का बहाव कम होकर वे अक्सर जाम हो जाते है। सफाई को लेकर नगर निगम जहां एक और अपना काम कर रहा है वही लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न संस्थाएं जुड़ी हुई है, इसी तरह अमानक प्लास्टिक रखने वालों पर कार्रवाई के लिए भी अभियान शुरु हो चुका है। हम यही चाहते है कि इन दोनो अभियानों में प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवाओं का सहयोग मिलता रहे।

शनिवार को शहर के बीरियाखेड़ी स्थित जवाहर उ.मा.वि में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएंगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएंगें। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एमके जैन, स्कूल प्राचार्य अनिता सागर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सोमनाथ झारिया ने फीडबैक से जुड़े सवाल-जवाबों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए सकारात्मक भाव से इसका उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर-1 बनेगा। अतिथियों का स्वागत माधुरी फडनीस, शिवानी डामर, कमलसिंह, ज्योति शर्मा और अशोककुमार खत्री व अनिल पांचाल ने किया।कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार मिश्र ने किया वही आभार राजेन्द्रसिंह राठोर ने माना।

### करिश्मा और फिजा अव्वल रही

जवाहर उ.मा.वि. में स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर

**- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जवाहर स्कूल में आयोजित स्वच्छता - जागरुकता कार्यक्रम के तहत निगम आयुक्त ने छात्र-छात्राओं से किया आव्हान**

आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रंगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यहां रंगोली प्रतियोगिता के दौरान फिजा मेव, चेतना प्रजापत, किर्ती और कु.नाजनीन को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में दीनदयाल, शिवानी, रवि वर्मा, कु.शमीम, मेंहदी स्पर्धा में करिश्मा, नाजनीन, कीर्ति और कु.शमीम ने बाजी मारी। इसी तरह चित्रकला स्पर्धा में रसिला मईड़ा, वर्षा सोलंकी, मो.अनस और ऋतु डोडियार अव्वल रहे इन सभी सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने उपहार और सम्मान पत्र देकर पुरुस्कृत किया है। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका ऋषिराज चौहान, आशा शर्मा, माधुरी फडनीस, आरती त्रिवेदी, वंदना वर्मा, मिथलेश मिश्र, धर्मा कोठारी विनिता जैन ने निभाई।

## नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय के ई-नगरपालिका पोर्टल से होंगे लिंक

रतलाम। नगरीय निकायों के सभी खाते ई-नगरपालिका पोर्टल से लिंक किये जाएंगे। नगरीय निकायों के अनावश्यक बैंक खातों को बंद कर लेखा नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित खाते ही संधारित किये जाएंगे। अब नगरीय निकायों में सभी प्रकार के आय-व्यय ई-नगरपालिका के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किये जाएंगे। कैशबुक, बैलेंस शीट तथा लेखांकन संबंधी सभी कार्य ई-नगरपालिका पोर्टल से ही की जाएगी। नगरीय निकायों में एक ही कैशबुक संधारित की जाएगी तथा प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग लेजर संधारित की जाएगी। ऐसी योजनाएँ जो अब नगरीय निकायों द्वारा संचालित नहीं की जा रही है, उनकी शेष राशि संबंधित विभाग अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को वापस की जाएगी।

इन्दौर समाचार 22/2/2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार 4 उ. भास्कर पृष्ठ ........ दिनांक 22-2 2021

## आज बचे कर्मियों को टीका

रतलाम। नगर निगम के 400 कर्मियों को टीका नहीं लगा है। जो बचे हैं वे 22 फरवरी सुबह 8 बजे आंबेडकर भवन या बाल चिकित्सालय में टीका लगवा सकते हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–––पृष्ठ .......दिनांक 2-2-2...2021

(2)

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जवाहर स्कूल में आयोजित स्वच्छता

# शहर को कचरा और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करें

## जागरुकता कार्यक्रम के तहत निगम आयुक्त ने छात्र-छात्राओं से किया आव्हान

प्रसारण न्यूज * रतलाम

2-2-2021

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पहल हर तरफ जारी है और हम तेजी से प्रयास कर रहे है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की रैंकिंग में रतलाम नगर पूरे देश में प्रथम आए। शहर में अस्वच्छता का सबसे बड़ा कारण इधर उधर फेका जाने वाला कचरा है इसके साथ ही अमानक प्लास्टिक के कारण भी नाले-नालियों का बहाव कम होकर वे अक्सर जाम हो जाते है। सफाई को लेकर नगर निगम जहां एक और अपना काम कर रहा है वही लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न संस्थाएं जुड़ी हुई है, इसी तरह अमानक प्लास्टिक रखने वालों पर कार्रवाई के लिए भी अभियान शुरु हो चुका है। हम यही चाहते है कि इन दोनो अभियानों में प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवाओं का सहयोग मिलता रहे। शहर के बीरियाखेड़ी स्थित जवाहर उ.मा.वि में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं मे सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएंगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएंगे।




कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एमके जैन, स्कूल प्राचार्य अनिता सागर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सोमनाथ झारिया ने फीडबैक से जुड़े सवाल-जवाबों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए सकारात्मक भाव से इसका उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर-1 बनेगा। अतिथियों का स्वागत माधुरी फडनीस, शिवानी खमर, कमलसिंह, ज्योति शर्मा और अशोककुमार खत्री व अनिल पांचाल ने किया।कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार मिश्र ने किया वहीं आभार राजेन्द्रसिंह राठौर ने माना।

**करिश्मा और फिजा अव्वल रही :** जवाहर उ.मा.वि. में स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रंगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यहां रंगोली प्रतियोगिता के दौरान फिजा मेव, चेतना प्रजापत, किर्ती और कु.नाजनीन को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में दीनदयाल, शिवानी, रवि वर्मा, कु.शमीम, मेंहदी स्पर्धा में करिश्मा, नाजनीन, कीर्ति और कु.शमीम ने बाजी मारी। इसी तरह चित्रकला स्पर्धा में रसिला भईड़ा, वर्षा सोलंकी, मो.अनस और वृद्धु डोडियार अव्वल रहे इन सभी सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने उपहार और सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया है। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका ऋषिराज चौहान, आशा शर्मा, माधुरी फडनीस, आरती त्रिवेदी, वंदना वर्मा, मिथलेश मिश्र, धर्मा कोठारी विनिता जैन ने निभाई।

उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा ज़रूरतमंद छात्राओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए

# कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किए



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

22-2-2021


शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा जरूरतमंद मेधावी छात्राओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा शनिवार को छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य सुभाष कुमावत, व्याख्याता डॉ. पूर्णिमा शर्मा, पीटीए प्रभारी सुनील कुमार कदम, हरीश रावत, डॉ. ललित मेहता आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्राचार्य कुमावत ने बताया कि कोरोना की वजह से शाला में ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों तरह से पढ़ाई करवाई जा रही है किंतु कुछ विद्यार्थियों के परिवार में एक भी स्मार्टफोन नहीं होने से मेधावी होने के बावजूद वे पिछड़ रहे थे। उनकी परेशानी को दृष्टिगत शिक्षक-पालक संघ तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया जिसे कलेक्टर तथा पीटीए द्वारा अनुमोदित भी किया गया। प्रस्ताव अनुसार छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। इसके साथ ही शैक्षणिक स्टाफ को स्मार्ट अध्यापन के लिए भी प्रदान किए गए।

स्मार्ट फोन प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा दसवीं की प्रीतिबाला पाटीदार, माया अग्रवाल, राजलक्ष्मी सोनावा, अंकिता धाकड़, खुशी बानो तथा कक्षा 12वीं की दीपिका कसेरा सम्मिलित है।

## जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता की थीम पर प्रतियोगिताएं

नव भारत 22-2-2021




रतलाम। शनिवार को शहर के वीरियाखेड़ी स्थित जवाहर उमावि में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएंगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एमके जैन, स्कूल प्राचार्य अनिता सागर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर श्री झारिया ने फीडबैक से जुड़े सवाल-जवाबों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए सकारात्मक भाव से इसका उपयोग करने की अपील की है। अतिथियों का स्वागत माधुरी फडनीस, शिवानी डामर, कमलसिंह, ज्योति शर्मा और अशोककुमार खत्री व अनि. पांचाल ने किया। संचालन मिथलेशकुमार मिश्र व आभार राजेन्द्रसिंह राठोर ने माना।

### करिश्मा और फिज़ा अव्वल रही

जवाहर उ.मा.वि. में स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यहां रांगोली प्रतियोगिता के दौरान फिज़ा मेव, चेतना प्रजापत, किर्ती और कु.नाजनीन को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में दीनदयाल, शिवानी, रवि वर्मा, कु.शमीम, मेंहदी स्पर्धा में करिश्मा, नाजनीन, कीर्ति और कु.शमीम ने बाजी मारी। इसी तरह चित्रकला स्पर्धा में रसिला मईड़ा, वर्षा सोलंकी, मो.अनस और ऋतु डोडियार अव्वल रहे इन सभी सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने उपहार और सम्मान पत्र देकर पुरुस्कृत किया है। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका ऋषिराज चौहान, आशा शर्मा, माधुरी फडनीस, आरती त्रिवेदी, वंदना वर्मा, मिथलेश मिश्र, धर्मा कोठारी विनिता जैन ने निभाई।

नव भारत 22-2-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पृष्ठ ........दिनांक 22/2/..2021

# शहर को कचरा और प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करे

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जवाहर स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत निगम आयुक्त ने छात्र-छात्राओं से किया आव्हान



रतलाम। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की पहल हर तरफ जारी है और हम तेजी से प्रयास कर रहे है कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 की रैंकिंग में रतलाम नगर पूरे देश में प्रथम आए। शहर में अस्वच्छता का सबसे बड़ा कारण इधर उधर फेंका जाने वाला कचरा है इसके साथ ही अमानक प्लास्टिक के कारण भी नाले–नालियों का बहाव कम होकर वे अक्सर जाम हो जाते है। सफाई को लेकर नगर निगम जहां एक और अपना काम कर रहा है वही लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न संस्थाएं जुड़ी हुई है, इसी तरह अमानक प्लास्टिक रखने वालों पर कार्रवाई के लिए भी अभियान शुरु हो चुका है। हम यही चाहते है कि इन दोनो अभियानों में प्रत्येक नागरिक विशेषकर युवाओं का सहयोग मिलता रहे। शहर के वीरियाखेड़ी स्थित जवाहर उ.मा.वि में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता संदेश से जुड़े कार्यक्रमों और स्पर्धाओं में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर निकले जागरुकता रैली में नारे लगाए गए कि नया सवेरा लाएगे और रतलाम को स्वच्छ बनाएगें। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त श्रीसोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एमके जैन, स्कूल प्राचार्य अनिता सागर आदि मौजूद रहे। इस मौके पर श्री सोमनाथ झारिया ने फीडबैक से जुड़े सवाल–जवाबों से भी छात्र–छात्राओं को अवगत कराते हुए सकारात्मक भाव से इसका उपयोग करने की अपील की है। उन्होने कहां कि स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहां कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हर नागरिक की हिस्सेदारी होगी तभी स्वच्छता की दौड़ में रतलाम नम्बर–1 बनेगा। अतिथियों का स्वागत माधुरी फडनीस, शिवानी डामर, कमलसिंह, ज्योति शर्मा और अशोककुमार खत्री व अनिल पांचाल ने किया।कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार मिश्र ने किया वही आभार राजेन्द्रसिंह राठोर ने माना।

### करिश्मा और फिजा अव्वल रही

जवाहर उ.मा.वि. में स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ्य रतलाम की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रांगोली, क्विज, मेंहदी, भाषण, चित्रकला सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

यहां रांगोली प्रतियोगिता के दौरान फिजा मेव, चेतना प्रजापत, किर्ती और कु.नाजनीन को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में दीनदयाल, शिवानी, रवि वर्मा, कु.शमीम, मेंहदी स्पर्धा में करिश्मा, नाजनीन, कीर्ति और कु.शमीम ने बाजी मारी। इसी तरह चित्रकला स्पर्धा में रसिला मईडा, वर्षा सोलंकी, मो.अनस और ऋतु डोडियार अव्वल रहे इन सभी सफल हुए प्रतियोगियों को अतिथियों ने उपहार और सम्मान पत्र देकर पुरुस्कृत किया है। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका ऋषिराज चौहान, आशा शर्मा,, माधुरी फडनीस, आरती त्रिवेदी, वंदना वर्मा, मिथलेश मिश्र,,धर्मा कोठारी विनिता जैन ने निभाई।

22/2

# नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय के ई-नगरपालिका पोर्टल से होंगे लिंक

रतलाम। नगरीय निकायों के सभी खाते ई–नगरपालिका पोर्टल से लिंक किये जाएंगे। नगरीय निकायों के अनावश्यक बैंक खातों को बंद कर लेखा नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित खाते ही संधारित किये जाएंगे। अब नगरीय निकायों में सभी प्रकार के आय–व्यय ई–नगरपालिका के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किये जाएंगे। कैशबुक, बैलेंस शीट तथा लेखांकन संबंधी सभी कार्य ई–नगरपालिका पोर्टल से ही की जाएगी। नगरीय निकायों में एक ही कैशबुक संधारित की जाएगी तथा प्रत्येक योजना के लिए अलग–अलग लेजर संधारित की जाएगी। ऐसी योजनाएँ जो अब नगरीय निकायों द्वारा संचालित नहीं की जा रही हैं, उनकी शेष राशि संबंधित विभाग अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को वापस की जाएगी।

स्वदेश बेलाग 22/2

# स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में लोगों की हो अधिकतम सहभागिता

## भोपाल संभाग के कमिश्नर कवींद्र कियावत ने कहा

भोपाल, (प्रसं)। मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग के संभागायुक्त कवींद्र कियावत ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में नागरिकों की

अधिकतम सहभागिता के लिए संभाग के सभी नगरीय निकायों में साइकिल रैली जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए। संभागायुक्त श्री कियावत ने वीसी के माध्यम से यहां संभाग के सभी जिलों के एडीएम एवं सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि 23 फरवरी को साईकिल रैली आयोजित कर स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए। इस रैली में समाज के सभी वर्गों को शामिल कर अधिक से अधिक लोगों की सहभगिता सुनिश्चित कराई जाएं। इस आयोजन में शिक्षण संस्थान, एनएसएस, एनसीसी, यूथ क्लब, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी वर्ग, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी जोड़ा जाएं। उन्होंने कहा कि साइकिल रैली में प्रारंभ एवं अंतिम स्थल पर आयोजन के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत की गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। रैली के सहभागियों को स्वच्छता संकल्प दिलाया जाएगा। साइकिल रैली नगर के सभी प्रमुख मार्गों, गलियों, वार्डों से होते हुए लगभग 10 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। इस दौरान बैनर, पोस्टर, गीत एवं नाट्य टोली द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण जागरूकता तथा स्वच्छता संबंधी संदेश दिए जाएंगे। रैली के दौरान स्थानीय पुलिस बल एवं वॉलिंटियर्स के सहयोग से ट्रैफिक व्यवस्था का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही है, जिनमें बच्चों की प्रतियोगिता, चौराहे पर चाय पर चर्चा, स्माइली प्रोजेक्ट, स्टार ऑफ द टीम, वार्ड स्तर पर मीटिंग, ओपन मार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डोर टू डोर जन-जागरूकता एवं जनसम्पर्क, नुक्कड़ नाटक, राहगिरी प्रोग्राम आदि प्रमुख रूप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों में नागरिक अवश्य शामिल हों।

(7)


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार उजाला ----पृष्ठ ........दिनांक 2-2-2.....2021

# 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं, तो उन पर 50 रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह दुकानदारों द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है, तो उस पर 5000/- रूपए का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा छत्रीपुल व दो बत्ती क्षेत्र में दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग करने पर जैन किराना स्टोर दो बत्ती पर 200, अगम जनरल स्टोर दो बत्ती पर 100, इरफान, ईस्माईल, संजू, नानीबाई, पुष्पा, दो बत्ती, बाजेराम, चन्द्रप्रकाश, सुगना, नवकन्या, सुगनाबाई, सीताबाई छत्रीपुल से लगभग 10 किलो पॉलीथीन जब्त कर 50-50 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाइश दी। उजाला 2-2-2021

# सागौद रोड की संकरी रेल पुलिया से हादसों का डर

## अंधेरा होने तथा चारों तरफ रैलिंग या रोक नहीं होने से वाहनों का सीधे पटरी पर जाने का खतरा



रतलाम ● शरद जोशी

शहर और प्रदेश में आए दिन हादसे हो रहे हैं। शासन-प्रशासन हादसों के बाद सतर्क होने के आदेश निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी करते है, लेकिन हादसों के पहले यदि निर्देश जारी हो जाए तो दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है, लेकिन अधिकारी किसी की सुनते नहीं। बैठकों में व्यस्त जिला प्रशासन केवल शासन के निर्देशों का पालन करवाने के अलावा कुछ नहीं करता।

सारे अधिकारी केवल बैठकों के नाम पर अपने दफ्तरों से गायब रहते हैं। लोग समस्याओं को लेकर इन दफ्तरों में भटकते रहते हैं, लेकिन कोई अधिकारी उनकी गुहार सुनने को तैयार नहीं, केवल एक ही रटा-रटाया डायलॉग सरकारी कार्यालय में मिलता है कि साहब अभी कलेक्टर कार्यालय की बैठक में गए हैं या कभी कहा जाता है कि दौरे पर गए हैं।

जिले में वैसे तो अनेक ऐसे पुल-पुलिया है जो हादसों को निमंत्रण दे रही है, लेकिन पिछले दिनों जब इस संवाददाता का सागौद रेल पुलिया पर से आना-जाना हुआ तो महसूस हुआ कि यह पुलिया राहगीरों के लिए कितनी खतरनाक है। तत्काल फोटो लिए तब लोगों ने भी कहा कि साहब यहां कई बार, दुर्घटना होती है, लेकिन प्रशासन कभी जागता नहीं। इस पुलिया पर वाहन चालक का जरा सा भी बैलेंस बिगड़े तो वह सीधे पटरी पर ही जाएगा।

### फोटो विधायक -आयुक्त को भी दिखाए

उक्त फोटो से विधायक चैतन्य काश्यप को भी दिखाया और कार्यक्रम में उपस्थित निगमायुक्त को भी। दोनों ने कहा कि वाकई में यह खतरनाक है और इस पर शीघ्र ही ध्यान दिया जाएगा। आयुक्त महोदय ने तो यह तक कहा कि इस पुलिया का चौड़ीकरण प्रस्तावित है तब उनसे कहा कि पता नहीं कब पुलिया का चौड़ीकरण होगा, इसी बीच कोई दुर्घटना हो गई तो न जाने क्या होगा?

### यातायात का दबाव हमेशा रहता है

चारों तरफ से पुलिया के फोटो लिए गए हैं, जिसमें यह दर्शाया गया है कि पुलिया के चारों तरफ कोई रोक नहीं और ना ही कोई रैलिंग लगी है और ना ही पुलिया पर कोई लाइट लगी है। इस मार्ग पर अनेक देवस्थल है और यह मार्ग बाजना की ओर जाता है, जहां लगातार यातायात का दबाव बना रहता है। रात्रि में इस मार्ग पर अंधेरा होने से गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### छपी खबरों का असर नहीं

कुछ दिन पूर्व भी इस मार्ग का फोटो छापा गया, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ और ना ही प्रशासन ने कभी इसे गंभीरता से लिया। ऐसा लगता है कि छपने वाली खबरों की कतरनें सूचना प्रकाशन विभाग से जिला कलेक्टर को जाती है और वहां से संबंधित विभाग को। समाचार की कतरनें सीधे कलेक्टर को भी भेजी जाती है उनके संज्ञान में भी आती है, लेकिन पता नहीं क्यों उस पर कार्यवाई नहीं होती?

### सलाहकार समितियां ही नहीं बनी

वर्तमान दौर में सारे सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली चर्चाओं में है। इनमें से अधिकांश कार्यालयों में समस्याओं का अंबार है, राजस्व विभाग और अन्य दो-तीन विभाग तो ऐसे हैं जो काफी चर्चाओं में है। वह चर्चा कैसी होती है इसे बताने की आवश्यकता नहीं? अनेक विभागों के कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सलाहकार समितियों के गठन का प्रावधान है। दो दर्जन से अधिक समितियों में वर्षों से सलाहकार सदस्य नहीं बनाए गए है, इसमें न तो सत्तारूढ़ दल ने रुचि ली है और ना ही जिले के प्रमुख अधिकारी ने, जो एक-दो समितियां बनी है उसमें भी ऐसे लोगों का समावेश है जिनका जनता से कोई लेना-देना नहीं।

### रेडक्रास सोसायटी भी अफसरों के भरोसे

रेडक्रास सोसायटी के चुनाव दो-तीन वर्षों से अपेक्षित है। यह भी अफसरों के भरोसे हैं। जब इस समिति में चुने हुए लोग थे तब इस समिति का कार्यकाल काफी अच्छा रहा और जनसहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार लाया गया। एम्बुलेंस व्यवस्था भी सुधरी और लोगों की पूछ-परख भी होने लगी थी। मरीजों को विश्वास था रेडक्रास समिति पर, लेकिन जबसे इस समिति का पुनर्गठन नहीं हुआ तब से जनता द्वारा एकत्र किए गए संसाधन और सहयोग राशि भगवान भरोसे ही है।

जिले की स्वास्थ्य सेवाएं लचर है। मेडिकल कॉलेज से लगाकर जिला चिकित्सालय तक चर्चाओं में है और यह भी आरोप लगते रहे हैं कि निजी अस्पतालों में यहां का अमला अपनी सेवाएं दे रहा है, शिकायतों के बाद भी कोई पड़ताल नहीं और ना ही कोई कार्रवाई।

### योजनाओं का भी कहीं अता-पता नहीं लगता

प्रदेश के मुखिया ने हाल ही के दौरे में अनेकों सौगातें दी। पूर्व में भी जब वह रतलाम आए तब भी उन्होंने कई घोषणाएं की और रतलाम को सौगातें दी। शहर विधायक श्री काश्यप ने भी अनेक योजनाएं बनाकर शासन के समक्ष रखी। उस पर भी शासन ने ध्यान दिया, योजनाएं स्वीकृत की, लेकिन विकेंद्रीकरण और निगरानी के अभाव में इन योजनाओं का भी कहीं अता-पता नहीं लगता।

### क्या पार्टी के संविधान में आयु सीमा निर्धारित की गई है....?

कहने का मतलब है कि अफसरों के भरोसे ही सत्ता के सारे सूत्र है। कार्यकर्ताओं को तो सत्ता का सुख मिलना तो दूर उन्हें आयु सीमा में बांध दिया गया है और यही आयु सीमा उन्हें सत्ता और संगठन के गलियारों में जाने में बाधक बनी हुई है। कार्यकर्ताओं ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया है कि क्या पार्टी के संविधान में आयु सीमा निर्धारित की गई है या चंद नेताओं ने अपनी मर्जी से यह सब निर्धारित कर दिया। दो वर्षों से भी अधिक समय गुजर गया लेकिन पार्टी की जिला कार्यकारिणी का गठन पूर्ण नहीं हुआ, दो-चार पदाधिकारी ही पूरे जिले के संगठन को संचालित कर रहे हैं वह भी कार्यकर्ताओं की नाराजगी का कारण है।

### सत्ता और संगठन में विकेंद्रीकरण जरूरी

हाईकमान को चाहिए कि वह सत्ता व संगठन में विकेंद्रीकरण करें और उन समस्याओं पर गंभीरता से गौर करवाए जो तत्कालीन रूप से हल होना आवश्यक है। अन्यथा इसका खामियाजा नागरिकों की नाराजगी से कार्यकर्ताओं और संगठन दोनों को भुगतना पड़ सकता है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– ...... पृष्ठ ........दिनांक 2-2....2021

**गंदगी मिली तो होगी कार्रवाई-** रतलाम | अब गंदगी मिलने पर झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निगम आयुक्त झारिया ने किया निरीक्षण



रतलाम। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरा पृथक्कीकरण व खाद् बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिये।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त झारिया ने कचरा पृथक्कीकरण की फटका एवं बैलिंग मशीन का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण के कार्य में गति लाये जावे। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि के समतलीकरण के निर्देश संबंधित को दिये। इसके अलावा उन्होंने घर-घर से पृथक-पृथक कचरे एकत्रित कर लाये जा रहे कचरे का अवलोकन कर ड्रायवर व क्लीनर को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक घर से पृथक-पृथक कचरा एकत्रित करें साथ ही नागरिकों को समझाईश दें कि वे चार प्रकार के कचरे के लिये अपने घरों में चार कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखकर पृथक-पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालें। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाईश दें कि वे गीले कचरे से खाद बनाकर अपने उद्यान एवं गमलों में बनी हुई खाद का उपयोग कर नगर को साफ-स्वच्छ रखने के साथ पर्यावरण सुधार में अपना अमूल्य योगदान दें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में गीले कचरे से बनाई जा रही खाद के कार्य का अवलोकन कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित को दिये। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## अतिक्रमणकारी दुकान की सामग्री जब्त, चार पर जुर्माना

22-2-21

रतलाम। नगर तिराहे पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से बनाये गये छज्जे, अवैध गुमटी व दुकान के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया जाकर दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। नगर निगम तिराहे के सामने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से छज्जे निकाले हुए थे साथ ही अवैध गुमटी भी लगाई हुई थी इसके अलावा अपनी दुकान के बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण करने से यातायात प्रभावित होने से निगम आयुक्त झारिया के निर्देशन में अतिक्रमण को हटाया जाकर संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया। अतिक्रमण करने पर इरफान खान पंचर वाला, शकील खान अण्डे वाला, विरेन्दसिंह चायवाला व वाहीद खान ऑटो गैरेज पर 1000-1000 का जुर्माना कर भविष्य में अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी। कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, राजेश पाटीदार, हरीश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

22-2-2021

## नगर निगम तिराहे से हटाया अतिक्रमण



### अतिक्रमण सामग्री जब्त कर चार दुकानदारों पर किया जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

22-2-2021

नगर तिराहे पर दुकानदरों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए छज्जे, अवैध गुमटी व दुकान के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया जाकर दुकानदारों पर जुर्माना किया गया।

नगर निगम तिराहे के सामने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से छज्जे निकाले हुए थे, साथ ही अवैध गुमटी भी लगाई हुई थी, इसके अलावा अपनी दुकान के बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण करने से यातायात प्रभावित होने से निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशन में अतिक्रमण को हटाया जाकर संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया। अतिक्रमण करने पर इरफान खान पंचर वाला, शकील खान अण्डे वाला, वीरेन्द्रसिंह चायवाला व वाहिद खान ऑटो गैरेज पर 1000-1000 का जुर्माना कर भविष्य में अतिक्रमण ना करने की समझाइश दी। उक्त कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी. के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए. पी. सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, राजस्व उप निरीक्षक हरीश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम तिराहे से हटाया अतिक्रमण

22-2-2021

**रतलाम।** नगर तिराहे पर दुकानदरों द्वारा अवैध रूप से बनाये गये छज्जे, अवैध गुमटी व दुकान के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया जाकर दुकानदारों पर जुर्माना किया गया। नगर निगम तिराहे के सामने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से छज्जे निकाले हुए थे साथ ही अवैध गुमटी भी लगाई हुई थी इसके अलावा अपनी दुकान के बाहर सामग्री रखकर अतिक्रमण करने से यातायात प्रभावित होने से निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशन में अतिक्रमण को.हटाया जाकर संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी किया गया।

22-2-2021

## 669 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

## मनरेगा के तहत चालू वित्त वर्ष में 49 लाख 96 हजार मानव दिवस सृजित किए गए

रतलाम। मनरेगा योजना के अंतर्गत चालू चालू वित्तीय वर्ष में 49 लाख 96 हजार मानव दिवस सृजित किए गए है जो लक्ष्य की तुलना में 93 प्रतिशत है। मनरेगा योजना में रतलाम जिले में 91 हजार 866 जॉब कार्डधारक परिवारों के 1 लाख 56 हजार 999 सदस्यों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावा 5459 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। योजना में 8699.43 लाख रूपए मजदूरी भुगतान किया गया है। वर्तमान में 23420 श्रमिक 1844 कार्यों पर मजदूरी पा रहे हैं।

## बोहरा बाखल में सोमवार को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपतिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगें।

इन्दौर समाचार

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निगम आयुक्त झारिया ने किया निरीक्षण

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों के साथ कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिए।।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त झारिया ने कचरा पृथक्कीकरण की फटका एवं बैलिंग मशीन का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण के कार्य में गति लाई जाए। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि के समतलीकरण के निर्देश संबंधित को दिए।

इसके अलावा उन्होंने घर-घर से पृथक-पृथक कचरे एकत्रित कर लाए जा रहे कचरे का अवलोकन कर ड्रायवर व क्लीनर को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक घर से पृथक-पृथक कचरा एकत्रित करें, साथ ही नागरिकों को समझाईश दें कि वे चार प्रकार के कचरे के लिए अपने घरों में चार कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखकर पृथक-पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालें। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाईश दें कि वे गीले कचरे से खाद बनाकर अपने उद्यान एवं गमलों में बनी हुई खाद का उपयोग कर नगर को साफ-स्वच्छ रखने के साथ पर्यावरण सुधार में अपना अमूल्य योगदान दें।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में गीले कचरे से बनाई जा रही खाद के कार्य का अवलोकन कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित को दिए।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, सहायक यंत्री एम. के. जैन, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

रतलाम। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर कचरा पृथक्कीकरण व खाद बनाने के कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारियों के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिये। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने कचरा पृथक्कीकरण की फटका एवं बैलिंग मशीन का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि कचरा पृथक्कीकरण के कार्य में गति लाये जाये। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि के समतलीकरण के निर्देश संबंधित को दिये। इसके अलावा उन्होंने घर-घर से पृथक-पृथक कचरे एकत्रित कर लाये जा रहे कचरे का अवलोकन कर ड्रायवर व क्लीनर को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक घर से पृथक-पृथक कचरा एकत्रित करें साथ ही नागरिकों को समझाईश दें कि वे चार प्रकार के कचरे के लिये अपने घरों में चार कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखकर पृथक-पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डालें। साथ ही नागरिकों को यह भी समझाईश दें कि वे गीले कचरे से खाद बनाकर अपने उद्यान एवं गमलों में बनी हुई खाद का उपयोग कर नगर को साफ स्वच्छ रखने के साथ पर्यावरण सुधार में अपना अमूल्य योगदान दे। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में गीले कचरे से बनाई जा रही खाद के कार्य का अवलोकन कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित को दिये। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ ........दिनांक 2-2- ...2021

# जरूरतमंद व मेधावी विद्यार्थियों को निर्बाध पढ़ाई के लिए स्मार्टफोन दिए



बच्चों को स्मार्टफोन प्रदान करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

2-2-2021

सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट स्कूल प्रशासन ने जरूरतमंद मेधावी छात्रों को स्मार्टफोन प्रदान किए हैं। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्मार्टफोन बच्चों को प्रदान किए। प्राचार्य सुभाष कुमावत ने बताया कोरोना के चलते कई मेधावी विद्यार्थियों के परिवार में एक भी स्मार्टफोन नहीं है। इसे देखते हुए पिछले दिनों हुई शिक्षक-पालक संघ तथा स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में ऐसे स्टूडेंट को स्मार्टफोन देने का प्रस्ताव पास हुआ। इसे कलेक्टर तथा पीटीए द्वारा अनुमोदित किया। इसके बाद बच्चों को स्मार्टफोन प्रदान किए हैं। साथ ही शैक्षणिक स्टाफ को स्मार्ट अध्यापन के लिए भी प्रदान किए हैं। स्मार्टफोन प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा दसवीं की प्रीतिबाला पाटीदार, माया अग्रवाल, राज लक्ष्मी सोनावा, अंकिता धाकड़, खुशी बानो तथा कक्षा 12वीं की दीपिका कसेरा शामिल हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण | निगम आयुक्त ने कालोनी समिति को शील्ड प्रदान की, कहा– प्रत्येक नागरिक जागरूक हो

# सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड गुलमोहर कालोनी को मिला

22-2-2021

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष थीम के तहत नगर निगम द्वारा गुलमोहर कालोनी में गंदगी पर प्रहार हम हैं तैयार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड कालोनी समिति को प्रदान किया।

निगम आयुक्त ने कचरे को रक्त बीज बताते हुए कहा कि कचरा जमीन पर गिरा तो वह रक्त बीज का रूप लेकर चारों ओर गंदगी फैलाएगा। सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि कचरा जमीन पर ना आए। जिस तरह गुलमोहर कालोनी के रहवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं उसी तरह रतलाम का प्रत्येक नागरिक जागरूक हो जाए तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नंबर एक बनाने से कोई रोक नहीं सकता।



गुलमोहर कालोनीवासियों को अवार्ड प्रदान करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया।

इस अवसर पर कालोनीवासियों की मांग पर कालोनी की एप्रोच रोड निर्माण, उद्यान विकसित करना व नाले की सफाई के लिए निगम आयुक्त ने आश्वस्त किया। कालोनी समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी ने बताया कि पूरी कालोनी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सफाई और पानी की भी व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए वहां सुरक्षाकर्मी भी तैनात हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी, सचिव अशोक दुबे, उपाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष संजय कोचर, सहसचिव रविशंकर गुप्ता, कालोनी के पूर्व अध्यक्ष बीएल पुरोहित, पूर्व सह सचिव राज किशोर गुप्ता व रहवासियों को शील्ड प्रदान की।

इस अवसर पर स्वच्छता सलाहकार प्रतीक मिश्रा, निगम अधिकारी एमके जैन, एपी सिंह, शैलेंद्र गोठवाल, नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के फिरोज परवेज, राहुलसिंह राठौर, स्वागत मेहता, चेतन परिहार सहित कालोनीवासी उपस्थित थे। संचालन अशोक दुबे ने व आभार राजेश माहेश्वरी ने माना।

### खेल की तरह ही मन में स्वच्छता भावना हो

रविवार को नेहरू स्टेडियम में स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशुतोष क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी और खेल प्रशिक्षक अनुज शर्मा ने कहा कि जिस तरह खेल भावना के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। ऐसे ही हमें अपने घर, आसपास,खेल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए।

नेहरू स्टेडियम में चल रहे विशेष खेल शिविर में शामिल खिलाड़ियों के साथ ही ग्राउंड में मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने पूरे मैदान में श्रमदान कर सफाई की। इसके बाद 400 मीटर दौड़, स्वच्छता जागरूकता रैली और सूर्य नमस्कार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें मोहित तंवर, अनुज सांखला, कार्तिक पोरवाल, सुनील, साई खंडेलवाल, अक्ष शर्मा, भूपेंद्रसिंह आदि को सम्मान के रूप में शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए गए।

### रंगोली भी बना रहे

स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई का संदेश दिया।